2025
अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष
सहकारी समितियाँ एक बेहतर दुनिया का निर्माण करती हैं

OFFICE OF THE CANTONMENT BOARD
CHAKRATA
कार्यालय छावनी परिषद चकराता
फोन/Phone: 01360–272220, फैक्स/Fax 01360–272502
Email- ceochak-stats@nic.in

CBC Cantonment Board Chakrata छावनी परिषद चकराता

पत्रांक – 9/1/I/Hall Rent/63 दिनांक : 22 सितम्बर, 2025

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि स्वर्गीय इंस्पेक्टर खजान सिंह चौहान (रावना) की प्रथम पूण्यतिथि के अवसर पर ग्राफिक एरा हॉस्पिटल, देहरादून के सौजन्य से एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर समाज कल्याण एंव जनहित को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया जा रहा हैं, ताकि क्षेत्र के नागरिकों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवांएं निःशुल्क प्राप्त हो सकें।

2. **शिविर दिनांक 24 सितम्बर 2025 (बुधवार) को कैण्ट इंटर कॉलेज, चकराता में समय प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक आयोजित किया जायेगा।**

3. इस शिविर में निःशुल्क निम्नांकित चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी :

- निःशुल्क आंखों की जांच एंव परामर्श
- सामान्य रोगों की जांच व परामर्श
- स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा परामर्श
- कान,नाक एंव गले की जांच व परामर्श
- हड्डी रोग संबंधी जांच व परामर्श
- रक्तचाप (BP) शुगर एंव ऑक्सीजन लेवल की जांच
- औषधि वितरण एंव (ECG) सुविधा

4. शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहेंगे जो मरीजों को उचित मार्गदर्शन एंव परामर्श प्रदान करेंगें, रोगियों को आवश्यकतानुसार दवाईयां भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी।

5. अतः चकराता छावनी एंव चकराता क्षेत्र के सभी नागरिकों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का लाभ उठाएं तथा समाज को स्वस्थ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

22/09/2025
रिपु दमन सिंह *(आई.डी.ई.एस.)*
मुख्य अधिशासी अधिकारी
छावनी परिषद, चकराता

प्रतिलिपि :
1. समस्त नोटिस बोर्ड, चकराता छावनी।
2. मौलाण परिवार, ग्राम रावना, तहसील चकराता जिला देहरादून।